Seventeenth Loksabha

>

Title: The Speaker made reference to the passing away of Shri S. Jaipal Reddy member of the 8th and 12th to 15th Lok Sabha. and member of Rajya Sabha from 1990 to 1996 and 1997 to 2003, respectively.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को हमारे पूर्व सदस्य श्री एस. जयपाल रेड्डी के दु:खद निधन के बारे में सूचित करना है ।

श्री एस. जयपाल रेड्डी संयुक्त आन्ध्र प्रदेश के क्रमश: महबूबनगर, मिरयालागुडा और चेलवेला संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों, जो अब तेलंगाना में हैं, से 8वीं, तथा 12वीं से 15वीं लोक सभा के सदस्य थे ।

उत्कृष्ट प्रशासक श्री रेड्डी सूचना और प्रसारण, शहरी विकास और संस्कृति, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालयों में केन्द्रीय मंत्री थे ।

अपने दीर्घ और ओजस्वी राजनीतिक जीवन के दौरान श्री रेड्डी विशेषाधिकार समिति के सभापति और विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य भी रहे ।

वे राज्य सभा में दो बार सदस्य भी रहे और उन्होंने वर्ष 1991 से 1992 तक राज्य सभा में विपक्ष के नेता का पद भी संभाला ।

उन्हें वर्ष 1998 में 'उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार' प्रदान किया गया ।

इससे पूर्व श्री रेड्डी आन्ध्र प्रदेश विधान सभा के चार बार सदस्य रहे ।

श्री एस. जयपाल रेड्डी का निधन 28 जुलाई, 2019 को 77 वर्ष की आयु में हैदराबाद, तेलंगाना में हुआ ।

हम अपने पूर्व सहयोगी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और मुझे विश्वास है कि सभा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करने में मेरे साथ है ।

अब सभा दिवंगत आत्मा के सम्मान में थोड़ी देर मौन खड़ी रहेगी ।

11.02 hrs

The Members then stood in silence for a short while.